[This question paper contains 9 printed pages.]

**6340** *Your Roll No.* .............

**LL.B.**

**I Term** **AS**

Paper LB-105 – FAMILY LAW – 1

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

*टिप्पणी :– इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Attempt* **Five** *questions including Question No.* **1** *which is compulsory.*
**All** *questions carry equal marks.*

*अनिवार्य प्रश्न क्रमांक 1 सहित कुल पाँच प्रश्न कीजिए।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

1. Attempt briefly any **four** of the following

(i) Discuss the concept of option of puberty under Hindu and Muslim law.

(ii) Discuss the essentials of a Muta marriage.

(iii) Explain maintenance pendente lite or interim maintenance under Hindu Marriage Act, 1955.

(iv) Discuss the capacity of a female Hindu to take a child in adoption under Hindu Adoption and Maintenance Act, 1956.

(v) State the essentials of divorce by mutual consent under HMA.

निम्नलिखित में से किन्हीं चार के उत्तर संक्षेप में लिखिए :

(i) हिन्दू तथा मुस्लिम विधि के तहत 'यौवनागम-विकल्प' की संकल्पना का विवेचन कीजिए।

(ii) मूता विवाह के आवश्यक तत्वों का विवेचन कीजिए।

(iii) हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत वादकालीन भरण-पोषण या अन्तरिम भरण-पोषण की व्याख्या कीजिए।

(iv) हिन्दू दत्तक और भरण-पोषण अधिनियम, 1956 के तहत हिन्दू स्त्री की बच्चा दत्तक ग्रहण करने की क्षमता का विवेचन कीजिए।

(v) हिन्दू विवाह अधिनियम, के अन्तर्गत परस्पर सम्मति द्वारा तलाक के आवश्यक तत्वों का उल्लेख कीजिए।

2. Decide the validity of the following marriages under Hindu Marriage Act, 1955 :

(i) Marriage of a 16 years old girl with a 17 years old boy solemnized with consent of their parents.

(ii) Marriage of a maternal uncle with his niece.

(iii) Marriage with exchange of garlands and rings with an express pronouncement by the parties of taking each other as their spouse in presence of two witnesses.

(iv) Marriage of a girl with a boy who is her paternal grandfather's sister's daughter's daughter's son.

हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के तहत निम्नलिखित विवाहों की विधिमान्यता का विनिश्चय कीजिए :

(i) 16 वर्षीय लड़की तथा 17 वर्षीय लड़के का उनके माता-पिता की सम्मति से अनुष्ठापित विवाह;

(ii) मामा का भान्जी के साथ विवाह;

(iii) दो गवाहों की उपस्थिति में पक्षकारों द्वारा एक दूसरे को पति पत्नी के रूप में स्वीकार किए जाने की सुस्पष्ट उद्घोषणा के साथ जयमालाओं और अगूठियों के विनिमय से हुआ विवाह;

(iv) किसी लड़की का उस लड़के के साथ विवाह जो उसके दादा की बहन की पुत्री की पुत्री का बेटा है।

3. Explain the essential for the relief of "restitution of conjugal rights" under HMA. Would consideration of employment of the wife amount to a reasonable excuse for her to withdraw from the society of her husband against his wishes more specifically in a situation when he in the first place encouraged her to take up an avocation but later due to a disagreement over control of her salary wanted her to resign from her job and give him conjugal company ?

हिन्दू विवाह अधिनियम के तहत "दाम्पत्य अधिकारों के प्रत्यास्थापन" के अनुतोष हेतु आवश्यक तत्वों को स्पष्ट कीजिए। क्या पत्नी की नौकरी का सोच-विचार पत्नी का उसके पति की इच्छा के विरूद्ध उसके संग-साथ से प्रत्याहार करने हेतु समान युक्तिसंगत कारण होगा - विशेषतया उस स्थिति में जब पति ने ही शुरू में उसे जॉब के लिए प्रोत्साहित किया हो किन्तु बाद में उसके वेतन के नियंत्रण पर असहमति के कारण पति चाहता हो कि वह जॉब से त्यागपत्र दे दे और उसको दाम्पत्य साहचर्य प्रदान करें ?

4. Pooja married Sambhav in 2006. Born and brought up in an affluent family Pooja was uncomfortable in a middle class family set up of Sambhav and wanted him to establish a separate home with her, to be funded by her father. Sambhav agreed to her proposal but wanted to move in the new home with his parents and a younger sister to which she disagreed. She

proposed that another home in the vicinity with monthly finances may be provided for the parents and the sister but in the new home she wanted exclusivity and privacy so that a healthy balance is maintained. Sambhav goes to the court and seeks divorce on grounds of Pooja's cruelty claiming that she wanted to separate him from his relations. Would he succeed. Discuss with the help of precedents.

पूजा ने 2006 में सम्भव के साथ विवाह किया। एक समृद्ध परिवार में जन्मी तथा पाली-पोषी गई पूजा सम्भव की मध्यमवर्गीय पारिवारिक स्थिति में असहज थी तथा चाहती थी कि वह उसके साथ उसके पिता से वित्त पोषित एक पृथक घर बसाए। सम्भव उसके प्रस्ताव से सहमत हो गया किन्तु वह चाहता था कि वह नए घर में अपने माता-पिता तथा छोटी बहन के साथ जाकर रहेगा। पूजा इस पर सहमत नहीं हुई। उसने प्रस्ताव किया कि माता-पिता तथा बहन के लिए वह मासिक राशि पर पड़ौस में एक अन्य घर की व्यवस्था कर सकती है किन्तु अपने नए घर में वह एकान्तता तथा अनन्यता चाहती है ताकि स्वस्थ सन्तुलन स्थापित हो जाए। संभव न्यायालय पहुंचता है तथा यह दावा करते हुए पूजा की क्रूरता के आधार पर तलाक की मांग करता है कि वह उसे उसके सम्बन्धियों से पृथक करना चाहती है। क्या वह सफल होगा ? पूर्वनिर्णयों की सहायता से विवेचन कीजिए।

5. Kartik and Seema married in 2005. Soon thereafter a son Manuj was born to them. However two years later Kartik developed intimacy with an office

colleague of his, Sudha and started living with her. A distraught Seema applied for judicial separation that was granted in her favor. A year later Kartik files a petition for divorce on the ground that since the grant of a decree of judicial separation, one year has passed and there has not been a resumption of cohabitation. Additionally since he was planning to marry Sudha and had already fathered two children of hers there was no point in protecting a dead relationship with Seema and he be allowed divorce also on grounds of irretrievable breakdown of marriage. Discuss.

कार्तिक तथा सीमा का 2005 में विवाह हुआ था। इसके बाद जल्दी ही उनके यहां पुत्र मनुज पैदा हुआ। मगर दो वर्ष बाद कार्तिक की उसके कार्यालय की सहकर्मी सुधा के साथ घनिष्ठता हो गई तथा कार्तिक ने उसके साथ रहना शुरू कर दिया। परेशान सीमा ने न्यायिक पृथक्करण के लिए अर्जी दी जिसको उसके पक्ष में मंजूर कर लिया गया। एक वर्ष बाद कार्तिक ने इस आधार पर विवाह-विच्छेद के लिए याचिका फाइल की कि न्यायिक पृथक्करण की डिक्री को मंजूर हुए एक वर्ष बीत गया है तथा इस दौरान सहवास भी नहीं हुआ है। इसके अतिरिक्त क्योंकि वह सुधा से विवाह करने की योजना बना रहा है तथा वह पहले ही उससे दो बच्चों का पिता बन चुका है, ऐसे में सीमा के साथ मृत समबन्ध को संरक्षित रखने का कोई बिन्दू नहीं बचता। उसका विवाह इस प्रकार ठप्प हो गया है जिसमें कोई सुधार नहीं हो सकता, अत: इस आधार पर भी उसे विवाह-विच्छेद की अनुमति दी जाए। विवेचन कीजिए।

6. Discuss the validity of the following marriages under Shia and Sunni law

(i) a 16 years old girl is given in marriage by her father to a 18 years old man.

(ii) Salim, marries Julie, a Roman Catholic Christian.

(iii) Salman marries Rubena, who is his mother's sister's daughter.

(iv) Yusuf Khan, married Gulbadan, despite protests from his first four wives.

(v) Rehman married the pregnant widow of his friend Samir two weeks post the death of Samir.

शिया तथा सुन्नी विधि के अन्तर्गत निम्नलिखित विवाहों की विधिमान्यता का विवेचन कीजिए :

(i) एक 16 वर्षीय लड़की का उसके पिता ने 18 वर्षीय आदमी के साथ विवाह किया है।

(ii) सलीम रोमन कैथोलिक ईसाई जूली से विवाह करता है।

(iii) सलमान रुबेना से विवाह करता है जो उसकी अम्मा की बहन की पुत्री है।

(iv) यूसुफ खान ने अपनी पहली चार पत्नियों के विरोध के बावजूद गुलबदन के साथ विवाह कर लिया।

(v) रहमान ने अपने मित्र समीर की मृत्यु के दो सप्ताह बाद उसकी गर्भवती पत्नी के साथ विवाह कर लिया।

7. Explain the concept of extra judicial divorce under Muslim law.

Zubeda and Aslam married in 2003 at Delhi. Zubeda left Aslam a month after and went to her parents place and despite Aslam's best efforts did not agree to reconciliation. Two years later she filed a petition under dissolution of Muslim Marraige Act 1939, seeking divorce on the ground of non payment of maintenance by Aslam. Would she succeed ? Discuss.

मुस्लिम विधि के अन्तर्गत न्यायेतर तलाक की संकल्पना को स्पष्ट कीजिए।

ज़ुबेदा तथा असलम ने 2003 में दिल्ली में विवाह किया। एक मास बाद ज़ुबेदा ने असलम को छोड़ दिया और अपने माता-पिता के स्थान पर चली गई तथा असलम के अथक प्रयासों के बावजूद सुलह के लिए राज़ी नहीं हुई। दो वर्ष बाद उसने मुस्लिम विवाह-विघटन अधिनियम, 1939 के तहत असलम द्वारा भरण-पोषण का भुगतान न किए जाने के आधार पर तलाक मांगते हुए याचिका फाइल कर दी। क्या वह सफल होगी ? विवेचन कीजिए।

8. Avinash married Sunita according to Hindu rites. They were introduced to each other through a leading newspaper. Avinash visited Sunita's home several

times before marriage and was greeted with respect and honour. A year later he discovered, that Sunita had given birth to a child before marriage as a result of an illicit connection with a former tutor of hers. The child was later given in adoption to a family friend. Avinash feels cheated. What legal remedies are available to Avinash ?

अविनाश ने हिन्दू रीति-रिवाजों के अनुसार सुनीता के साथ विवाह किया था। उनका एक दूसरे से परिचय प्रमुख समाचार-पत्र के माध्यम से हुआ था। अविनाश विवाह से पूर्व कई बार सुनीता के घर गया था जहां उसका आदर तथा सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया था। एक वर्ष बाद उसे पता चला कि सुनीता ने अपने पूर्व ट्यूटर के साथ अवैध सम्बन्ध के फलस्वरूप विवाह से पहले एक बच्चे को जन्म दिया था। बाद में उक्त बच्चे का एक पारिवारिक मित्र द्वारा दत्तक ग्रहण कर लिया गया था। अविनाश स्वयं को छला गया महसूस करता है। अविनाश को क्या-क्या विधिक उपचार सुलभ हैं ?